तो आज कांस्टीट्यूशन को इस बारे में कोट करना, इसकी क्या सैंक्टिटी है कि हर 10 साल के बाद यह संख्या बढ़नी चाहिए, मैं समझता हूं कि वह एक इरिलेवेंट प्वाइंट है। कुछ लोगों ने अच्छे मन से भले उठाया होगा। फिर इस बीच में और क्या हुआ? उस समय की मानसिकता यह थी कि सारे देश की प्रगति एक साथ होगी। हुआ क्या? हर एक स्टेट में अलग अलग लेविल की प्रगति हुई। फिर फेडरल स्ट्रक्चर जैसे हम लोगों की यूनियन आफ स्टेट्स हैं उनमें अलग-अलग लैवल की प्रगति होती चली गयी। जैसे जैसे कोलीशन गवर्नमेंट्स आनी शुरू हुईं, यह अहसास हुआ कि स्टेट्स में ज्यादा पावर डिवाल्व होंगी और हर एक स्टेट को अपना अपना लीवर ऑफ पावर इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। इस रूप में मैं समझता हूं कि आने वाले काल में भी स्टेट्स के हिसाब से यह जो यूनियन ऑफ स्टेट्स, इंडिया है उसके डिसिजन जरूर इन्फ्लुएंस होंगे और इसी लिए इस पार्टिक्युलर केस में न हों इसका कोई लाजिक नहीं है। एक दो बातें और हुईं ...(व्यवधान)...यह इश्यू कई बार आया कि बहुत सी सीट्स बहुत बड़ी हो गयी हैं। कुछ सीटें बहुत छोटी हो गयी हैं - इस काल के दौरान मैंने इसका अध्ययन किया है। अपने यहां 545 लोक सभा की सीट्स हैं। उसमें दो एंग्लो इंडियन्स के लिए रिजर्व है। वह नामीनेटेड है। 543 सीट्स में से 444 सीट्स ऐसी हैं जिनकी 10 से 15 लाख के अंदर जनसंख्या है। मतलब 80 परसेंट से अधिक सीटें ऐसी हैं कि जिनमें कोई डिस्टार्शन नहीं है। इनमें कुछ करने की भी जरूरत नहीं है। समय के साथ वे बढ़ेंगी - वैसे वैसे वे बढ़ती जाएंगी। तो प्रश्न किनका है? प्रश्न उन थोड़ी सी सीटों का है जहां या तो पापूलेशन बहुत ही कम है या बहुत ही ज्यादा है। वे कौन हैं? जहां पर एक लाख से भी कम हैं ऐसी केवल 4 सीट्स हैं - लक्षद्वीप जहां केवल 73 हजार मेरे ख्याल से पापूलेशन है, दादरा-नागर-हवेली 98 हजार एण्ड आड, दमन-दीव - 72 हजार एण्ड आड और लद्दाख - 1 लाख 43 हजार। Each of the the State has a clear-cut and specific reason as to why they are so. There are eight seats which have a population of less than five lakh. Which are the seats whose population is between one lakh and five lakh?

मिजोरम—साढ़े 4 लाख, मेघालय, करीब-करीब साढ़े 4 लाख, अरुणाचल पूर्व - 2 लाख 65 हजार, अरुणाचल वेस्ट - 3 लाख 46 हजार, अंडमान-निकोबार - 3 लाख 47 हजार, चांदनी चौक, इसका लाजिक मेरी समझ में नहीं आता है - 3 लाख 76 हजार। प्राबेब्ली यह एक लैंड

लाकड जैसा एरिया है। सिक्किम - ढाई लाख और पंजिम - 4 लाख 43 हजार। इतनी सीटें ऐसी हैं जिनमें 1 लाख से 5 लाख तक की आबादी है। अब जो सबसे बड़ी हैं जहां वास्तव में संकट पैदा हो रहा है - न तो मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट इतने बड़े एरिया का सर्वे कर सकता है, न उसको जो 2 करोड़ रुपए मिलता है एम पी एल ए डी स्कीम से, वह पर्याप्त है, न इतने वर्कर्स जुटा सकता है इतनी दूर-दूर इलाके तक, ज्योग्राफिकल एरिया भी बहुत बड़ा है और जब 33 परसेंट महिला रिजर्वेशन हो जाएगा, कोई नयी महिला जिसको वहां कैंडीडेट बनाएंगे तो वह किस तरह से इतने, 25-30 लाख लोगों तक पहुंचेगी - इस सबका विचार करने की आवश्यकता है। ये कौन सी हैं? ये सीट्स हैं, चेन्नई साउथ - 20 लाख 74 हजार, चेन्नई नार्थ - 20 लाख 41 हजार, कर्नाटक में कनकपुरा if I am correct, I don't know - 21 लाख 10 हजार, मुम्बई नार्थ from where our Petroleum Minister gets elected - 22 लाख 22 हजार, ठाणें - 27 लाख 72 हजार. And Outer Delhi which beats all of them - 31 lakhs. There is a clearcut reason. यह वह सीटें है जहां 25 साल पहले आउटर एरिया में इतना कोई ग्रोथ नहीं था। वहां इंडस्ट्रीज़ आईं, व्यापार आया, मेट्रोपोलिटन सिटीज के नजदीक होने के कारण वे मैगनेट बन गए, लोग आए और बसते चले गए। ऐसा कोई प्रबन्ध नहीं था कि उस सीट को री-एडजस्ट किया जाए और करते-करते उसकी एवरेज से लगभग दुगुनी आबादी हो गई। उसको कैसे एडजस्ट करना है यह सवाल सामने आयेगा। बाकी जो सीटें हैं वे पांच से दस लाख और पन्द्रह से बीस लाख की हैं और उसमें करीब 12-15 परसेंट सीट्स आती हैं। वास्तव में यह प्रश्न इतना बड़ा और इतना कठिन नहीं है। हमारे विधि मंत्री जी जो हैं जिनको अभी-अभी रीसेंटली इंटरनेशनल पीरियोडिकल ने, दस की इकोनोमिक मिनिस्टर्ज़, में हायेस्ट रेटिंग दी है, नंबर वन रेटिंग ऑन् इंटेलैक्च्युअल कांसैप्शन एंड परफॉर्मेंस तो मैं समझता हूं कि अपनी योग्यता का इस्तेमाल करके इस छोटे से सवाल का कोई न कोई जवाब वह जरूर निकाल लेंगे। इसलिए यह कोई बड़ा विषय बनाने लायक मुझे लगता नहीं है। मैं यह इसलिए सबमिट कर रहा हूं कि चर्चा में विषय इतना बड़ा हो जाता है कि आउट ऑफ् प्रोपोर्शन वह ब्लो अप हो जाता है। इसको वैसा करने की कोई जरूरत नहीं लगती है। नेशनल पॉपुलेशन पालिसी का जिक्र हुआ है और वह यह गवर्नमेंट लायी है। उसके अनुसार पॉपुलेशन रेगुलेशन या आप कहिए फैमिली प्लानिंग या कहिए फैमिली स्टैबेलाइज़ेशन, पॉपुलेशन स्टैबेलाइज़ेशन उसके ऊपर भर दिया है और मैं समझता हूं कि उसके लिए इस तरह का बहुत आवश्यक कदम सरकार ने ठीक समय पर उठाया है जो कि प्रशंसनीय है। डी-लिमिटेशन होने के बाद, मैं यह मानता हूं कि अगला चुनाव आने के पहले, जिस को नॉर्मल कोर्स में अभी तीन साल बाकी हैं, कोई धोखा नहीं है, वह एकदम स्पष्ट दिखता है, उतने समय के अंदर अर्थात् दो साल के अंदर जो डिस्टोरशंज़ हैं, वे दूर हो जायेंगी। कांस्टीटूएंसीज़ का री-डिस्ट्रीब्यूशन हो जाएगा और उस समय के जो कैंडीडेट्स होंगे, उनको बड़ी सहूलियत मिलेगी और जो डिस्टोरेशन आई हुई है वह दूर हो जाएगी। मैं समझता हूं कि ये दो-तीन छोटे-मोटे कदम उठाने के बाद यह जो आज का अमेंडमेंट है इसका मंतव्य पूरा होगा।

इन शब्दों के साथ, मैं इस विधेयक का भरपूर समर्थन करता हूं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : उपसभापति महोदया, लोक सभा और राज्य विधान सभा की सीटों की संख्या बढ़ाने पर लगी रोक को सन् 2026 तक बढ़ाने तथा चुनाव क्षेत्रों का पुनर्मूल्यांकन करने से संबंधित इस 91वें संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने के लिए

मैं खड़ी हुई हूं, हालांकि प्राय: सभी लोग इस पर एकमत हैं। महोदया, किसी भी जनतंत्र में जनता के मत का किस तरह मूल्यांकन किया जाता है इसी बात पर हमारे जनतंत्र का स्वरूप तय होता है। एक जमाना था जब सार्विक मताधिकार की कोई पद्धति नहीं थी। पश्चिम के जिन देशों को हम आगे बढ़े हुए जनतांत्रिक देशों के रूप में जानते हैं वहां भी हम अच्छी तरह जानते हैं और आप भी बहुत अच्छी तरह जानती हैं कि संसदीय जनतंत्र की स्थापना के बहुत वर्षों बाद भी लगभग 7 दशकों तक महिलाओं को मताधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन आज सारी दुनिया में हम देखते हैं कि संसदीय जनतंत्र के साथ सार्विक मताधिकार अभिन्न रूप से जुड़ी हुई एक चीज़ है। सार्विक मताधिकार के सिद्धांत का जो मुख्य सार है, वह यह है कि हर आदमी को मत देने का समान अधिकार है और हर व्यक्ति के मत का समान मूल्य होना चाहिए। उपसभापति जी, भारत में संसदीय और विधान सभाओं के क्षेत्रों के परिसीमन से जुड़े जिस विधेयक पर हम चर्चा कर रहे हैं, वह इसी सिद्धांत से सम्बद्ध है। संविधान की जिस धारा 81(2) के आधार पर अब तक परिसीमन का काम किया जाता रहा है, उस में कहा गया है कि, 'प्रत्येक राज्य को लोक सभा में स्थानों का आवंटन इस रीति से किया जाएगा कि उस राज्य की जनसंख्या का अनुपात सभी राज्यों के लिए यथा-संभव एक सा हो।' इसी प्रकार का प्रावधान प्रदेश की विधान सभाओं के लिए भी किया गया है और इसी धारा के तहत लोक सभा की सीटों की संख्या भी निश्चित की गयी थी। मैडम, 1973 में संविधान में 31वें संशोधन के जरिए धारा 81 में यह जोड़ा गया कि, 'राज्यों को लोक सभा के स्थानों के आवंटन संबंधी उपखण्ड उन राज्यों पर लागू नहीं होंगे जिन की आबादी 60 लाख से कम है।' इस से यह पता चलता है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ओर जहां सीटों की संख्या निर्धारित करते समय जनसंख्या के अनुपात को अपने नजरिए में रखा और इस बात को साबित किया कि हर व्यक्ति के मत को एक समान आंका जाना चाहिए। वहीं परिवर्ती दिनों में इस बात को जोड़कर कि यह प्रावधान 60 लाख से कम आबादी वाले राज्यों पर लागू नहीं होगा, इस बात को स्वीकृति दी कि व्यक्तियों के साथ विशेषकर जो पिछड़े और छोटे राज्य के हैं, उन के भी जनतांत्रिक अधिकारों को भारत की जनता के जनतांत्रिक अधिकारों के साथ जोड़कर देखा जाएगा। उपसभापति महोदया, इसी आधार पर कुछ मामलों में राज्य जो छोटे थे, पिछड़े थे, उन को यह विशेष रियायत दी गयी कि कुछ राज्यों का प्रतिनिधित्व शुद्ध रूप से आबादी के अनुपात के फार्मूले के आधार पर तय नहीं होगा।

मैडम, आज मैं इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने खड़ी हुई हूं, गौतम जी मुस्करा रहे हैं, मैं उन्हें कहना चाहूंगी कि हम जब समर्थन करते हैं तो अंध-समर्थन नहीं करते। हमें देखना चाहिए कि जमीनी हकीकत क्या है। जमीनी हकीकत और सिद्धांतों की सच्चाई के बीच सुसंगत मेल किस तरह हो इसकी पड़ताल जरूर करनी चाहिए। इसीलिए मैं कहना चाहूंगी कि आज की जो वस्तुस्थिति है, जो हकीकत है, उस में अगर हम परिसीमन का काम शुरू करें तो हो सकता है कि एक बवेला खड़ा हो जाए। अब विधायकों और सांसदों की कुल संख्या कितनी हो और उस में जनसंख्या के अनुपात के आधार पर कितने प्रतिनिधि हों, अगर हम इस को देखें तो मैं समझती हूं कि इस का अध्ययन भी दिलचस्प होगा।

मैडम, मैं यहां सदन का ध्यान धारा 82 की ओर दिलाना चाहूंगी जिस में कहा गया है कि प्रत्येक जनगणना की समाप्ति पर, जनगणना के सुसंगत आंकड़ों के आधार पर राज्यों को लोक सभा में स्थानों के आवंटन आदि के पुनर्समायोजन का काम शुरू कर देना चाहिए, लेकिन वर्ष 1976 में संविधान के 42वें संशोधन के जरिए यह व्यवस्था की गयी कि जब तक सन् 2000

के बाद की पहली जनगणना के सुसंगत आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते तब तक 1971 की जनगणना को ही आधार बनाकर जो व्यवस्था की गयी है, वह जारी रहेगी। अब चूंकि 2001 की जनसंख्या के प्रारंभिक आंकड़े आ चुके हैं और मंत्री जी बता रहे हैं कि 2002 तक अंतिम आंकड़े भी हमारे सामने आ जाएंगे तब स्वाभाविक तौर पर कोई भी सरकार नए सिरे से अपनी संवैधानिक बाध्यता के तहत ही फिर से क्षेत्रों का पुनर्समायोजन करने के लिए बाध्य होगी। इसीलिए हम यह 91वेंवां संविधान संशोधन विधेयक लाए हैं। महोदया, 1971 से लेकर 2001 के बीच के इन 30 वर्षों में हमारे देश के विभिन्न राज्यों की आबादी में जिस तरह से वृद्धि हुई है, उस में एकरूपता नहीं रही है। अगर आबादी में एकसमान वृद्धि होती तो शायद हमें परिसीमन का काम करने में परेशानी नहीं होती, लेकिन चूंकि राज्यों में आबादी में वृद्धि की दर एक सी नहीं है इसीलिए जब हम परिसीमन पर बात कर रहे हैं तो बहुत सारी समस्याएं उठ रही हैं। उपसभापति महोदया, इन तीस वर्षों की अवधि में यदि सभी राज्यों की आबादी का हम अध्ययन करें तो मैं समझती हूं कि बहुत ही दिलचस्प चित्र हमारे सामने आएगा। वर्ष 2001 की प्रारंभिक जनगणना की जो रिपोर्ट हमारे सामने आई है, उस से पता चलता है कि अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा तथा बाकी केन्द्रशासित क्षेत्रों को अलग कर देने पर 20 राज्यों और केन्द्र शासित दिल्ली की कुल आबादी 101 करोड़ 6 लाख 3961 है। इसे यदि हम लोक सभा की 524 सीटों में बांटते हैं तो प्रत्येक सीट 19,19,000 के करीब मतों का प्रतिनिधित्व करेगी। सीटें उन छोटे राज्यों की हैं जिन्हें संविधान द्वारा इस परिसीमन से बाहर रखा गया है। 19,19,000 मतदाताओं के आधार पर राज्यों को लोक सभा की सीटों का अगर आबंटन किया जाता है तो हम देखेंगे कि आंध्र प्रदेश में 3, हिमाचल प्रदेश में 1, जम्मू कश्मीर में 1, कर्नाटक में 1, केरल में 3, उड़ीसा में 2, तमिलनाडु में 7 और उत्तरांचल में 1 सीटें आज की तुलना में बढ़ जाएंगी। इसी तरह से असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, पंजाब, झारखंड, पश्चिमी बंगाल और दिल्ली की सीटों में कोई फर्क नहीं आएगा। बिहार में 3, हरियाणा में 1, मध्य प्रदेश में 2, महाराष्ट्र में 2, राजस्थान में 4 और उत्तर प्रदेश की 7 सीटें बढ़ जाएंगी। महोदया, 1976 में जब 42वां संविधान संशोधन विधेयक लाया गया था, उस समय भी कुछ इसी प्रकार के तर्क दिए गए थे क्योंकि उस समय भी कुछ इसी प्रकार की स्थितियां थीं। उस समय यह तर्क दिया गया था कि परिवार नियोजन के काम को जिन राज्यों में ज्यादा मुस्तैदी से किया गया, अगर हम ऐसा करेंगे तो उन राज्यों को लगेगा कि उन्हें शायद पुरस्कृत नहीं किया गया बल्कि उन्हें दंडित किया जा रहा है। इसी तर्क के आधार पर उस समय कहा गया था कि परिवार नियोजन के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए यह संविधान संशोधन लाया गया है।

उपसभापति महोदया, मुझे पता नहीं कि दुनिया के लोग भारत के इस तर्क पर क्या प्रतिक्रिया करेंगे, लेकिन आबादियों का घटना-बढ़ना सिर्फ परिवार नियोजन पर निर्भर नहीं करता, विकास के और बहुत से तर्क होते हैं। मैं समझती हूं कि यह जो सोच मंत्री जी हमारे सामने ला रहे हैं, यह काफी अजीबो-गरीब सोच है। लेकिन वह 1976 का काल था और हम सभी जानते हैं कि वह कौन सा काल था - आंतरिक आपातकाल का काल था, नसबंदी, पाबंदी का जमाना था और उस समय परिवार नियोजन को कुछ इस ढंग से लागू किया गया था कि राज्य ही दमनशाही आतंक का प्रतीक बन गया था। इसीलिए जब 42वां संविधान संशोधन विधेयक लाया गया था, उस समय भी यही तर्क दिया गया था और कहा गया था कि फिलहाल परिसीमन के कार्य को 25 वर्ष के लिए टाल दिया गया है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष महोदय, मजे की बात यह है कि आज हमारी रा.ज.ग. सरकार भी इस 91वेंवां संविधान संशोधन को पेश करते समय जिन तर्कों का सहारा ले रही है, जैसा कि अभी मंत्री जी ने बताया, उससे लगता है कि आंतरिक आपातकाल की सही वारिस यही सरकार है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने अपने इस विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में और अभी बोलते हुए राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की दुहाई दी है और कहा है कि सन् 2026 तक नए सिरे से परिसीमन के काम को टालकर आबादी को स्थिर बनाने के एजेंडे को लागू करने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से एक बेतुका तर्क है। भारतीय जनतंत्र में व्यक्ति के अधिकार और संघीय ढांचे में राज्यों के अधिकार के बीच सही संतुलन को बनाए रखने का तर्क ही इस संविधान संशोधन के लिए पर्याप्त था, लेकिन हमारे मंत्री जी दूसरा तर्क लेकर आए हैं।

भाषाई राज्यों के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए डा0 अम्बेडकर ने यह कहा था कि राज्यों के बीच आबादी और सत्ता का फर्क हमारे हिन्दुस्तान के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है और इसलिए इस समस्या का निदान अवश्य होना चाहिए। अम्बेडकर जब यह बात कर रहे थे तब उनकी चिंता भारत के सभी भाषाई राज्यों की अस्मिता की ओर थी, भारत की विविधता को बचाने की थी और वे भारत के नागरिकों के गणतांत्रिक अधिकारों के प्रति जितने सचेत और संवेदनशील थे, उतने ही सचेत और संवेदनशील हमारे राज्यों के अधिकारों के प्रति भी थे। इसीलिए आज जब हम इस संविधान संशोधन पर विचार कर रहे हैं तब नागरिक के मतदान के अधिकार की सुरक्षा के साथ ही साथ एक संघीय गणतंत्र में उसके अन्य राज्यों के प्रतिनिधित्व को सुरक्षित रखने के सवाल को भी हम नज़रअंदाज नहीं कर सकते।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस संविधान संशोधन विधेयक में हम आगामी और 25 वर्षों तक राज्यों को लोक सभा और विधान सभा की सीटों के आबंटन के प्रश्न को टालकर रखने का फैसला कर रहे हैं। मेरा मानना है कि राज्यों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए आने वाले कई वर्षों तक हमें यह जरूरी लगे तो हम इस काम को भी कर सकते हैं। हो सकता है कि भविष्य में कभी लोक सभा की सीटें बढ़ानी पड़ें। जहां तक नागरिक के मत के मूल्य का प्रश्न है, इससे पैदा हो रहे असंतुलन को तो कुछ हद तक मंत्री जी अपने इस विधेयक में ही दूर कर रहे हैं कि पुन: सीमांकन होगा और इससे जो गड़बड़ी है, वह दूर हो जाएगी, लेकिन इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगी कि इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि इसके उद्देश्य और कारणों का ब्यौरा देते हुए मंत्री जी ने जो जनसंख्या नीति की चर्चा की और परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उपायों की चर्चा की, वह मुझे बहुत ही बेतुका और हास्यास्पद लगता है।

हमारी इस सरकार को आंतरिक आपात काल के दिनों में रचा गया तर्क तो समझ में आता है लेकिन इसे भारत की संघीय अर्थव्यवस्था और उसके भाषायी राज्यों की अस्मिता की रक्षा की अहमियत समझ में नहीं आती है। इसी से यह पता चलता है कि जहां से इनका प्रशिक्षण हुआ है - एक राष्ट्र, एक धर्म, एक संस्कृति, एक भाषा, शायद वही इनकी समझ में रोड़े अटका रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगी कि इस संविधान संशोधन विधेयक का मैं समर्थन करती हूं। जहां तक भारत की एकता का प्रश्न है और संघीय ढांचे में तमाम राज्यों के अधिकारों का प्रश्न है, उसके लिए हम आपके साथ हैं। धन्यवाद।

SHRI K. RAMA MOHANA RAO (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. I rise to support the Constitution (Ninety-first Amendment) Bill, 2000, which has been moved by the hon. Law Minister, Shri Arun Jaitley. This amendment Bill has been brought before this House to amend the Constitution of India. This amendment has been necessitated because, in 1975, based on the 1971 Census, we had put a freeze on the number of seats in the Lok Sabha as well as in the State Assemblies, through the 42nd Amendment to give a boost to the family planning programme. Taking advantage of this, some of the States, particularly, the southern States, by allocating more money for the family welfare programmes and the population control programmes, almost achieved their goal of controlling the population. As a result, in those States, the birth rate and the mortality rate came down. According to the Population Foundation of India, the population share of BIMARU States, which was 39.6% in 1991, is expected to increase to 44.6% by 2021. And, so far as southern States are concerned, it will go down from 23.2% to 19.8% by 2021. So, my only point is, the States which have been contributing impressively towards controlling the population should not be punished; rather, they should be rewarded, by allocating more funds from the Centre. The hon. Home Minister had also said that more incentives would be given to the States which were successful in controlling the population. Apart from this, an increase in the size of Parliament will only further drain the exchequer.

The next point is, without making any change in the total number of constituencies in each State, I think, there is a case for drawing the constituencies afresh. Because, for example, Lakshadweep has an electorate of less than 40,000. To get elected to Lok Sabha, a person from Lakshadweep will be required to win the support of only 20,000 voters. In contrast, an MP from outer Delhi, which is having more than 22 lakh voters, will be required to win the support of atleast 10 lakh voters, to enter into Lok Sabha. Hence, I request the hon. Minister to look into this aspect. In the Statement of Objects and Reasons, the hon. Minister has said, "The Government has also decided to undertake readjustment and rationalisation of territorial constituencies, without altering the number of seats allotted to each State." But it has not been mentioned as to how the Government is

going to do this. I would like the Minister to kindly explain this. We all know that, in 1975, our population was 70 crores; in 2001, it is about 102 crores; and, by 2021, we may become 140 crores. Here, we are freezing the number of seats. But many States in the country have not been able to put a cap on the population growth. So, the time has come to bring before Parliament the electoral reforms. When the Central Government employees are not allowed to avail of facilities such as LTC, medical education etc., for their third child, why should it not be made applicable to us also?

If a person is having more than two children, he should not be allowed to contest any election. Our Chief Minister, Shri Chandrababu Naidu, has already implemented this in the Andhra Pradesh State local body elections. The same thing can be implemented in the Parliament and the State Assembly elections.

I welcome the amendment to article 330, which necessitates the readjustment of the number of SC/ST seats, on the basis of the 1991 Census. I understand, there will be an increase of about 7 seats. We welcome it. We are for it. We are for the welfare of the SC/ST people in the country. We amended the Constitution to provide reservation in promotions to SC/STs. We have also amended the statute to increase the reservation beyond 50 per cent. Between 1971 and 1991, the Scheduled Caste population has gone up by more than 3 per cent, and there is a little increase in the population of Scheduled Tribes during the above period. But the Bill is not clear as to how many seats will go to the Scheduled Castes and how many seats will go to the Scheduled Tribes. I would like to be enlightened as to how the seven seats are going to be adjusted.

The other point is, the Dinesh Goswami Committee recommended rotation of seats. I do not know what has happened to that. Whether the Government is thinking of implementing this recommendation made, I think, in 1991. I would like to have a clarification from the hon. Minister on this.

So, Sir, these are some of the points which I thought that I should bring, through you, to the notice of the Government. With these words, I once again support this Constitution (Amendment) Bill, on behalf of my party and on my own behalf. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N CHATURVEDI): Shri C.P. Thirunavukkarasu; you have five minutes.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): Sir, I will finish in less than five minutes. I welcome this Constitution (Ninety-First Amendment) Bill, 2000. The DMK party welcomes it. I am sorry, one of the hon. Members, Shri Ved Prakash Goyal referred to Mahe, which is a territory of Pondicherry and to Yanam, which is another territory of Pondicherry, and also Karaikal. He said that Mahe should be merged with Kerala and Yanam should be merged with Andhra Pradesh. I want to make it clear that as far as the people of Pondicherry are concerned, they are not willing to part with Mahe and Yanam. There was a Treaty between France and India. Pandit Jawaharlal Nehru was one of the signatories to that. He said, "Until the wishes of the people are ascertained, there should not be any separation either of Mahe, Yanam or Karaikal. The people's aspirations will be respected." When Shri Morarji Desai was the Prime Minister of India, he said, "Why don't you merge Pondicherry with Tamil Nadu?" Once he said this, the whole Pondicherry went up in flames. So, I request the hon. Member that he should not have any such thinking, especially, from this side, that Mahe should be merged with Kerala and Yanam should be merged with Andhra Pradesh. So, I request that the identity of the people should be maintained. Pondicherry has inherited the legacy of French culture. Still the people of Pondicherry are maintaining it. Therefore, it should not be done.

Now, I come to the Bill. Under Article 81(b) of the Constitution, "not more than (twenty members) to represent the Union Territories, chosen in such manner as Parliament may by law provide." Sir, we are having only one Member of Parliament from Pondicherry. As far as Pondicherry is concerned, this number may kindly be increased to two or three, because three lakhs of people are having only one M.P. I request the hon. Law Minister to increase it. Under the Constitution " not more than (twenty members) to represent the Union Territories, chosen in such manner as Parliament may by law provide." I think you are always having a liking for Pondicherry. The Law Ministry is always having a liking for it. The Law Minister used to visit Pondicherry several times for election purposes. So, I request the hon. Minister to increase the number of seats from one to two. We will be highly thankful if this request is kindly considered. At present, in Tamil Nadu, we are having 39 seats. These 39 seats should not be reduced at any point of time. It should be maintained as it is. Originally, before

1975, we had 41 seats. But, subsequently, it was reduced by two seats, and now we are having only 39 seats. Above all, my submission to this august House is, there are 545 seats in the Lok Sabha, since 1975. Up to this period, we are having 545 seats in the Lok Sabha. At no point of time, these 545 seats should be reduced. It may be increased, according to the population. The new number will be fixed in the year 2026. My earnest request is, these 545 seats should not be reduced at any point of time. It may be increased, but it should not be decreased.

As far as the delimitation of constituencies is concerned, I would like to say that as far as the Assembly seats in Pondicherry are concerned, the situation is like this. One Assembly seat consists of 5000 voters; another Assembly seat consists of 6000 voters; yet another Assembly seat consists of 30,000 voters. My request is, these should be readjusted in such a way that each constituency consists of 15,000 people. It should be done as quickly as possible. Once the Delimitation Commission is constituted, it can be done as quickly as possible. So, I wholeheartedly support this Bill. With these words, I conclude. Thank you, Mr. Vice-Chairman.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) : श्री गया सिंह। आप तो तीन मिनट में अपनी बात कह देंगे।

श्री गया सिंह (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर आपका आदेश होगा तो एक मिनट में भी कह देंगे। मैं इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए मंत्री जी से सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आज लगभग 30 साल होने जा रहे हैं, 1971-72 में संशोधन विधेयक आया था। इतने दिनों बाद फिर हम यह संशोधन कर रहे हैं कि हम कोई सीट नहीं बढ़ायेंगे। आज की स्थिति में यह जरूरी है इसलिए हम इसका समर्थन कर रहे हैं। लेकिन 2026 तक भी इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा यह साफ नहीं हो रहा है। कुछ राज्यों में पापुलेशन कम हो रही है और कुछ राज्यों में पापुलेशन बढ़ रही है तो इसके लिए कौन-सा ऐसा रास्ता निकालेंगे कि आने वाले दिनों में कुछ राज्यों में ज्यादा पापुलेशन होकर के भी उनकी सीट उतनी ही रहेंगी और कुछ राज्यों की पापुलेशन कम होने के बाद भी उनकी सीटें भी उतनी ही रहेंगी। एक यह सवाल है जिसको अन्य माननीय सदस्य ने भी रखा है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि पिछली बार जो डि-लिमिटेशन हुआ था उसमें काफी एनोमलीज रही थीं, राज्यों के अंदर भी, विधान सभाओं में भी। डि-लिमिटेशन के लिए राज्य की, केन्द्र की, इलेक्शन कमीशन की कमेटियां होती हैं। बहुत सी ऐसी सीटें हैं कि जब से आजादी मिली है वे रिजर्व ही हैं, उन पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या उनका रोटेशन होगा? रोटेशन के समय जो स्टेट में पावर में होता है या केन्द्र में होता है उसकी मोनेपॉली होती है। वह अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी सीट को रिजर्व करने के लिए कुछ

एरिया को काट कर वहां डाल देता है। ऐसे कई एक्जाम्पल्स हमारे पास हैं। मैं सिर्फ यही एप्रिहेंसन कर रहा हूं, लोग कहते हैं कि हम मुक्त कब होंगे, रिजर्वेशन का जो कोटा है वह तो मिलना चाहिए लेकिन उसका भी एक रोटेशन होना चाहिए। कुछ सीट 1952 से अभी तक रिजर्व हैं और रिजर्व इसलिए हैं कि मैनुप्लेशन है, यह एप्रिहेंसन दूर किया जाय। इससे ज्यादा मैं और कुछ नहीं कहना चाहता हूं। मैं इस बिल का समर्थन करते हुए यह उम्मीद करता हूं कि पापुलेशन कंट्रोल करने के लिए आगे कोई रास्ता निकाला जाये। धन्यवाद।

श्री रमा शंकर कौशिक (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय विधि मंत्री जी ने जो संविधान संशोधन का प्रस्ताव रखा है, उसमें एक तो 2026 तक सीटों को न बढ़ाने वाली बात कही गई है। 2026 में जो डि-लिमिटेशन होगा उसमें सीटों को घटाने-बढ़ाने की बात सोची जायेगी और यह उन्होंने परिवार नियोजन की दृष्टि से रखा है। यह बात सही है कि परिवार नियोजन की दृष्टि से कई हमारे प्रदेश बहुत पिछड़े हुये हैं और कुछ प्रदेशों ने इस संबंध में अच्छी तरक्की की है। इसलिए उसका समय तो बढ़ाना ठीक ही है। लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आया कि इसका टाइम 2026 ही क्यों रखा ? ऐसा रखते कि 2021 में आपकी जनगणना होगी, 2021 की गणना के आधार पर आप करेंगे। न ही इसमें यह दिया है कि किस गणना के आधार पर आप करेंगे.? महोदय, एक बड़ा भारी सवाल यह पैदा हो जाता है कि हम बहुत पीछे से शुरुआत करते हैं। 1971 से शुरुआत करते आए, अब 1991 से शुरुआत कर रहे हैं जबकि 2001 में जनगणना हो चुकी है, उसके नतीजे भी 2002 में आने वाले हैं। माननीय मंत्री जी का कहना है कि चूंकि इसके नतीजे 2002 के अंत तक आएंगे इसलिए वह संभव नहीं है किन्तु मैं ऐसा नहीं मानता हूं क्योंकि पार्लियामेंट के चुनाव अभी होने वाले नहीं हैं। महोदय, अगर सरकार यह समझती है कि वह बहुत जल्दी जाने वाली है तो बात अलग है वरना 2004 तक कोई चुनाव होने वाले नहीं हैं। पांच राज्यों में भी अभी विधान सभा के चुनाव हो चुके हैं। आने वाले चंद महीनों में कुछ और विधान सभाओं के चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में 2004 तक चुनाव होने वाले नहीं हैं तो फिर इसे 1991 की जनगणना के आधार पर क्यों कर रहे हैं.? 2001 की गणना पर कीजिए। जब आपने 1971 में किया था तब चार साल लग गये थे लेकिन उस समय परिस्थिति दूसरी थी। आज हम कम्प्यूटर के युग में हैं इसलिए एक साल के अंदर ही हो जाएगा या हद से हद 2003 तक हो जाएगा और चुनाव 2004 में होने हैं। इस दृष्टि से मैं नहीं समझता कि 1991 की जनगणना के आधार पर जो यह कार्यवाही की जा रही है, वह कोई संगत बात है या ठीक बात है। इसको बदलना चाहिए। इसे 1991 के आधार पर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। कोई चुनाव सामने नहीं हैं, कई राज्यों में चुनाव हो चुके हैं और कई राज्यों में हाल ही में होने वाले हैं इसलिए वह भी आपसे प्रभावित नहीं होंगे। दूसरी बात, मुझे इसमें एक और विरोधाभास लगता है। माननीय मंत्री जी ने कहा है और विधेयक में भी व्यवस्था है कि कोई भी संख्या नहीं बढ़ायी जाएगी - न विधान सभाओं में और न लोक सभा में। सही बात है। जब तक पूरा 26 वाला मामला नहीं हो या 26 से पहले 2021 के आधार पर न हो, नहीं हो लेकिन इसमें एक विरोधाभास लगता है जब आप यह कहते हैं कि जो आरक्षित सीटें हैं, उनमें बढ़ोत्तरी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इसका बड़ा विरोध भी होगा और वह उचित भी नहीं लग रहा है क्योंकि जब आपने संख्या न बढ़ाने का तय किया है, फिर यह विरोधाभास लगता है कि कोई संख्या बढ़ाई जाए। इस दृष्टि से संख्या को बढ़ाने के संबंध में फिर से विचार करें कि यह संख्या न बढ़ायी जाए। जिस तरह से संख्या है, वैसे ही रहे लेकिन रोटेशन वाली जो बात है, वह जरूरी है। जैसा माननीय गया सिंह जी ने और

दूसरे सदस्यों ने भी कहा है कि बहुत सालों से एक ही कॉन्स्टीट्यूऐंसी रिजर्व कॉन्स्टीट्यूऐंसी चली आ रही है। वहां के जो मतदाता हैं, वे अपनी बात रखना चाहते हैं। सब जगह इसका विरोध भी होता है। ऐसी स्थिति में रोटेशन वाली बात के संबंध में निश्चित रूप से माननीय मंत्री जी को कहनी चाहिए कि रोटेशन की प्रक्रिया हम इसी में कर लेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. R. Kamaraj. You will take only three minutes.

*SHRI R. KAMARAJ (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support this Constitution Amendment Bill that seeks to freeze delimitation of Lok Sabha and Assembly seats till the year 2026. In fact, States like Tamil Nadu, Kerala and Andhra Pradesh, which have performed well in containing the population, have been demanding such measure for long. By bringing this legislation, the Union Government has only done its duty. Had this Government not brought this Bill, it would have only meant rewarding the ill-performing States and punishing the well performing States. That is the reason we welcome this Bill.

In 1976, the then Prime Minister Mrs. Indira Gandhi had brought 42nd Amendment to the Constitution to freeze delimitation till 2001 only to safeguard the interests of States that strove hard to contain population. Mrs. Gandhi said that the well performing States should not be punished because, these States were endeavouring hard to face the population explosion that posed a challenge to the nation. While I say this I am reminded of Tamil Nadu. My State of Tamil Nadu took up the shield called population control to protect itself from the sword called population explosion. But unfortunately the very shield, the population control has hurt the State. I have reasons for saying this. During 1957 and 1962 General Elections, Tamil Nadu had 41 Lok Sabha seats. It came down to 39 seats in 1967 as a punishment for containing population growth. After 1971 census, the average population for a Lok Sabha seat was calculated to be 10,33,475. On that basis, Tamil Nadu got 39.48 seats. Since the decimal was only .48, Tamil Nadu lost one Lok Sabha seat by .02. This is the reward Tamil Nadu got for containing population. Though it was just one Lok Sabha seat, we know how vital is every single seat in Lok Sabha today. The Central Government of the day is luring even small parties having just

* English translation of the original speech delivered in Tamil.

one or two Lok Sabha MPs. promising ministerial berths. So, every single seat is important for us.

Sir, during the last 25 years, that is to say for a quarter of a century, my AIADMK party has been in power in Tamil Nadu for over 17 years. I am proud of saying this. I say I am proud because, the founder-leader of AIADMK Dr. M.G.R. and our leader and the Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Puratchi Thalaivi Amma took effective steps through various schemes in containing the population. Many family planning schemes were introduced and implemented. I recall the scenario in Tamil Nadu some 20 years before. One could see everywhere the slogan "Not more than two children now".

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Please, make it brief now.

SHRI R. KAMARAJ: Sir, after some 5 years hence, one could see slogans like "Never more than two children". Yet another 5 years later the slogan was "One family one child". Sir, today, in the nook and corner of Tamil Nadu, one could see the slogan "We ourselves are children, then why have children?" This is the kind of endeavour Tamil Nadu has been making to contain population growth. In the recent Budget submitted by the hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu, there are praiseworthy schemes for containing population. Parents with just one or two girl children and no male children are covered by this scheme. In case of one girl child an amount of rupees 20 thousand and in case of two girl children, rupees 14 thousand on each child would be deposited in the name of the children for their use in future. This has been done with a view to discourage parents who have a deep desire for begetting male child in spite of the number of female children.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : We will discuss this separately. Please conclude.

SHRI R. KAMARAJ: Sir, I wish to say a few words about reservation to SC/ST categories. I welcome the proposal to increase the seats reserved for SC/ST on the basis of 1991 census. These days different courts say different things. So, I wish to remind the Government about an important matter. Articles 14 and 15 of the Constitution provide for protective discrimination for SC/ST. Various Supreme Court judgments have

made this clear. So, the Government should provide protection to SC/ST and increase their seats in Lok Sabha. This is the view of our AIADMK party.

Mr. Vice-Chairman, Sir, the Government promises to contain the population and correct the imbalance by 2026. We shall be happy if you could do that. But the facts and figures give a different picture. In 1976, our population was 70 crore. Now it is 100 crore. In the year 2026, it is estimated to be 140 crore.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Please, wind up now.

SHRI R. KAMARAJ: Sir, the Supreme Court has directed the Centre to provide food grain to the starving poor, the hungry people. This is all because of population explosion. Therefore, I appeal to the Centre to take effective measures to contain population. As I conclude, let me say it with all force at my command that Tamil Nadu shall not concede to the reduction of even a single seat for whatever reason. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Thank you, Mr. R. Kamaraj. Shri Ranganath Misra.

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Sir, the people from that area are very comfortable when they speak in their mother tongue. They speak with confidence in their mother tongue.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : In fact, we were enjoying it. We were feeling very comfortable. The only point was, I thought that there will be another opportunity to discuss and enlighten about the aspirations of the people and the achievements of the State.

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, देश की आबादी जब तक 140 करोड़ नहीं हो जाएगी तब तक बोलते रहेंगे।

SHRI RANGANATH MISRA (Orissa): Thank you, Sir. I stand to support the Bill. Thc scheme which we have adopted in the Constitution, warrants such a Bill, and the consequential amendments which have been suggested, are on account of the fact that we have provided the meaning of 'population' by an explanation, and since that is a shifting item from a

particular year that is relevant, some of these amendments have been asked for. The consequences of this amendment need not be discussed at this stage, because, it will end up in a delimitation, and that is, how it has to be done. Those are the things which will have to be considered later. But as the Bill stands, I personally think that these are necessary, and the readjustment of population and the balancing that is intended in the scheme, require to be adopted. There is no element of politics in it, because, it is the method in the Constitution, the scheme that has been adopted, we are accepting, and we are trying to implement. I commend that the amendments be accepted and the Bill be passed. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): I think, as per the earlier announcement, we have to finish the discussion, because, the voting is at 3.30 p.m. Meanwhile there is a message from the Lok Sabha.

MESSAGE FROM LOK SABHA

Joint Parliamentary Committee on Stock Market Scam and matters relating thereto

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:

"I am directed to inform you that at the sitting of the Lok Sabha held on 3 August, 2001, the Speaker, made the following announcement regarding consideration of issues relating to UTI's US-64 Scheme by JPC on Stock Market Scam and matters relating thereto:-

'I had called a meeting of the Leaders of different Parties in my Chamber today to discuss the matter relating to UTI. The Chairman of the JPC on Stock Market Scam and matters relating thereto was also present. After hearing the views of all Parties, particularly the statement of the Chairman, it was decided that all issues relating to UTI including the issues discussed in the House would be considered by the JPC. The JPC will now proceed accordingly.'"